




डाक पंजीयन क्र. L/ RNP/म.प्र./ मन्दसौर/122/ 2024- 26
ई-पेपर www.guruexpress.live

बात आपकी, शब्द हमारे

# गुरु एक्सप्रेस


सुबह का अख़बार

संपादक – आशुतोष नवाल

वर्ष 19 | अंक 251 | पृष्ठ 4 | मन्दसौर | शुक्रवार 27 जून 2025 | मूल्य 2 रुपया


## डिवाइडर से टकराकर पलटी कार

**पिपलियामंडी, 26 जून गुरु एक्सप्रेस।** फोरलेन पर पुलिस थाने के सामने अनियंत्रित कार डिवाइडर से टकरा गई। इसमें सवार दो युवक गंभीर घायल हो गए। जानकारी के अनुसार



बीती रात्रि 3 बजे पुलिस थाने के सामने यह हादसा हुआ। इंदौरान निवासी कृष्णा (22) पिता दीपक व दिव्यांश (23) पिता शैलेन्द्र कार (एमपी 13 सीडी 0900) में सवार होकर सांवलियाजी दर्शन के लिए जा रहे थे। इसी दौरान कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा कर पलट गई। सूचना पर टोल प्लाजा पैरामेडीकल टीम मौके पहुंची, दोनों घायलों को एम्बूलेंस से पिपलिया सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में उपचार के बाद मंदसौर रेफर कर दिया। सुबह दुर्घटनाग्रस्त कार को क्रेन से हटवाकर सड़क से साइड में किया।

# निर्णय लेना भूली सरकार, आरटीओ में वसूली जारी

## नौ माह में परिवहन विभाग ने जनता से उगाए लाखों रुपए

### कार्ड की जगह पीडीएफ, फिर भी वसूल रहे दो सौ रुपए

**मंदसौर, 26 जून गुरु एक्सप्रेस।** कंपनी द्वारा काम करने से इंकार करने के बाद प्रदेश के परिवहन विभाग द्वारा सभी आरटीओ कार्यालयो से रजिस्ट्रेशन और ड्राइविंग लाइसेंस में प्लास्टिक के कार्ड की जगह पीडीएफ फाइल दिए जाने की व्यवस्था की गई। उस समय कार्ड के नाम पर लिए जा रहे दो सौ रुपए को लेकर जल्द ही निर्णय लिए जाने की बात कहीं गई। लेकिन, नई व्यवस्था के नौ माह बाद भी निर्णय नहीं हो पाया। इधर जनता से लाखों रुपए की वसूली इस अवधि में परिवहन विभाग कर चुका है। मंदसौर जिले का ही आंकड़ा लाखों में है तो प्रदेश में करोडो रूपए की जबरदस्ती की उगाई जनता से हो चुकी है। इसके अलावा वसूली का यह अभियान अभी भी जारी है।

प्रदेश के परिवहन विभाग द्वारा वाहन मालिकों और वाहन चालकों से वसूली की जा रही है। परिवहन विभाग द्वारा वाहनों के रजिस्ट्रेशन और ड्राइविंग लाइसेंस के प्लास्टिक कार्ड के नाम पर लोगों से 200 रुपए वसूले जा रहे हैं। लेकिन, कार्ड की जगह पीडीएफ दी जा रही है। प्लास्टिक कार्ड बनना 01 अक्टूबर 2024 से बंद हो गए, लेकिन कार्ड के नाम पर यह वसूली जारी है। सिर्फ मंदसौर जैसे छोटे जिले में ही इन नौ माह में लगभग दस हजार वाहनों के पंजीयन हुए, पांच हजार से अधिक ड्राइविंग लाइसेंस बने। ऐसे में यहां लाखों रुपए लोगों से बगैर काम के वसूले गए। अगर पूरे प्रदेश का आंकड़ा देखें तो यह करोड़ो रुपए होता है।

#### पहले यह थी व्यवस्था...

परिवहन विभाग द्वारा आरसी और डीएल के प्लास्टिक कार्ड दिए जाते थे,




जिनमें चिप होती थी। इसके स्कैन करने पर वाहन और वाहन चालक का पूरा डेटा सामने आ जाता था। यह कार्ड परिवहन विभाग के साथ काम करने वाली स्मार्ट चिप कंपनी द्वारा बनाए जाते थे। 30 सितंबर 2024 को स्मार्ट चिप कंपनी का 22 साल का अनुबंध खत्म हो गया। इसके बाद परिवहन विभाग ने दोबारा अनुबंध नहीं किया और ऑनलाइन लाइसेंस और आरसी मान्य करते हुए एक अक्टूबर से प्लास्टिक कार्ड देना बंद कर दिया। ऐसे में कोई भी वाहनों का पंजीयन करवाता है या ड्राइविंग लाइसेंस बनवाता है तो उससे 200 रुपए शुल्क तो लिया जाता है। लेकिन, प्लास्टिक कार्ड की जगह पीडीएफ दी जाती है। लोग शुल्क का विरोध करते हैं तो उन्हें सरकार के निर्णय का हवाला देकर कहा जाता है कि पीडीएफ फाइल बनाने के लिए यह शुल्क लिया जा रहा है।

#### लोगों को दोगुनी चपत...

आरसी और डीएल के 200 रुपए शुल्क देने के बाद भी लोगों को कार्ड नहीं मिल रहे। लोग पीडीएफ फाइल लेकर दुकानों पर जाते हैं और वहां पर 100 से 200 रुपए देकर प्लास्टिक कार्ड बनवाते हैं। ऐसे में एक ही कार्ड के लिए लोगों को दोगुना खर्च करना पड़ रहा है। ड्राइविंग लाइसेंस लेने आए कुछ लोगों ने कहा कि परिवहन विभाग द्वारा या तो 200 रुपए शुल्क लेना बंद करना चाहिए या फिर प्लास्टिक कार्ड बनाकर देना चाहिए।

#### शुरुआत से किया जा रहा विरोध...

इस निर्णय की शुरुआत से ही इसका विरोध प्रदेशभर में हो रहा है। लेकिन, उस वक्त सरकार द्वारा इस पर जल्द निर्णय लेने की बात करते हुए इसे टाल दिया गया और समय के साथ इसे भुला दिया गया। यही कारण है कि 09 माह से यह शुल्क वसूली बंद नहीं की गई।





# मंदसौर में झमाझम, जमकर बरसे बदरा

### सड़के बनी नाले, मौसम में ठंडक घुली

**मंदसौर, 26 जून गुरु एक्सप्रेस।** गुरुवार सुबह मौसम खुला था और तेज धूप तथा उमस से आमजन हलाकान था। लेकिन, मौसम विभाग द्वारा बारिश का अलर्ट जारी किया गया था। जिसके अनुमान के अनुसार दोपहर बाद जमकर बारिश हुई। शाम पांच बजे बाद तो बारिश की झड़ी लग गई। जो कुछ देर रूक-रूक कर देर रात तक जारी रही।

इस दौरान शहर के मुख्य मार्गों पर पानी भी जमा हो गया। यह भी कहा जा सकता है कि नयापुरा रोड़, शुक्ला चौक, धानमंडी उतारा, अभिनंदन से संजीत रोड़





#### चार घंटे में साढ़े तीन इंच बारिश...

शहर में शाम करीब 04 बजे शुरु हुई तेज बारिश ने रात लगभग 08 बजे तक शहर को सराबोर कर दिया। इस दौरान करीब साढे तीन इंच बारिश दर्ज की गई। शहर के रामघाट स्थित वर्षमापक संयन्त्र के अनुसार रात 08 बजे तक 86 मिलिमीटर बारिश दर्ज की गई। यही कारण हैं की शहर की कई गालिया और मुख्य सड़के नाले में तब्दील हो गई।

जाने वाला मार्ग, लालघाटी मार्ग ने नालो का रूप ले लिया। जिससे आवागमन भी बाधित हुआ। इसके अलावा जिले में अन्य जगहों पर भी कहीं तेज तो कहीं बूंदाबांदी के रूप में बारिश का दौर चलता रहा।

#### नीमच: बड़े अस्पताल के मेटरनिटी वार्ड में भरा पानी...

नीमच में बुधवार रात को दो घंटे तक मूसलाधार बारिश ने शहर की स्थिति बिगाड़ दी। दो घंटों में एक इंच से अधिक बारिश दर्ज की गई। बारिश ने प्रशासन की लापरवाही को उजागर कर दिया। बारिश का पानी अस्पताल परिसर के बरामदे में चारों तरफ भर गया। मेटरनिटी वार्ड में भी पानी घुस जाने से डिलीवरी के लिए आई महिलाओं और उनके परिजनों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। बारिश के दौरान अस्पताल कर्मचारी स्थिति को कंट्रोल करने के लिए इधर-उधर दौड़ते दिखे। पानी के धीरे-धीरे बाहर निकलने के बाद ही राहत की स्थिति बनी। बारिश का पानी चैनल गेट और एनआरसी केंद्र की रैंप से होकर मेटरनिटी वार्ड तक पहुंचा। अस्पताल प्रबंधन ने बारिश से निपटने के लिए कोई ठोस व्यवस्था नहीं की थी। यदि बारिश और अधिक समय तक जारी रहती तो वार्ड में भर्ती प्रसूताओं और नवजात शिशुओं की स्थिति गंभीर हो सकती थी।

#### आंगनवाड़ी केंद्रों पर न पड़े असर...

**भोपाल।** भारी बारिश के कारण बनने वाली बाढ़ की स्थिति और बारिश के दौरान आंगनबाड़ी केंद्रों तक पहुंचने में होने वाली परेशानियो के मद्देनजर सभी जिला कार्यक्रम अधिकारियों को पहले से माकूल इंतजाम करने के निर्देश दिए गए हैं। महिला और बाल विकास विभाग ने कहा है कि निचले क्षेत्रों रहने वाले परिवारों को पंचायतों के सहयोग से सुरक्षित स्थानों पर पहले से शिफ्ट करने की योजना तैयार की जाए। राहत और बचाव कार्यों के लिये स्थानीय समाजसेवी संस्थाओं, काउंसलर्स की लिस्टिंग कर कोआर्डिनेशन बनाया जाए।

आयुक्त महिला बाल विकास सोफिया वली कुरैशी ने बारिश के मौसम को ध्यान में रखते हुए प्रदेश के सभी आंगनवाड़ी केन्द्रों में सुरक्षा, स्वास्थ्य और पोषण संबंधी आवश्यक तैयारियों के लिये दिशा-निर्देश जारी किये गए हैं। आयुक्त कुरैशी ने पहुंच विहीन क्षेत्रों की आंगनवाडियों में टेकहोम राशन की निरंतर आपूर्ति के लिये संयंत्रों से समन्वय बनाने के निर्देश दिये हैं। स्व-सहायता समूहों को वर्षाकाल में भोजन की स्वच्छता बनाये रखने और मक्खी, मच्छर से बचाव और स्वस्थ पेयजल के उपयोग के निर्देश दिये हैं। हितग्राहियों को टेकहोम राशन की सुरक्षा, भण्डारण और स्वच्छता संबंधी सलाह भी दी जायेगी।

#### बारिश के साथ महंगी हुई सब्जियां

**मंदसौर, 26 जून गुरु एक्सप्रेस।** बारिश के आगाज के साथ ही जहां मौसम सुहावना हो गया, वहीं सब्जियों ने अपने तेवर दिखाना शुरु कर दिया है। सब्जियो की बढ़ती कीमतों ने आमजन को चिंता में डाल दिया है।

मंदसौर की सब्जी मंडियों में 20 दिनों से लगातार भाव बढ़ रहे हैं। गिलकी, भिंडी, मिर्ची और टमाटर के साथ हरी सब्जियों के दामों में उछाल आया है, जिससे उपभोक्ताओं की रसोई के बजट का संतुलन बिगड़ गया है। मंडी और खेरची स्तर पर कीमतों की बात करें तो गिलकी जो पहले 30-40 रुपए प्रति किलो मिल रही थी, अब 80-100 रुपए किलो तक बिक रही है। भिंडी, मिर्ची और टमाटर भी महंगे हो गए हैं। मध्यम वर्ग के उपभोक्ताओं को महंगाई से परेशानी हो रही है। क्योंकि, इससे महीने का बजट प्रभावित हो रहा है। स्थानीय खरीदारों का कहना है कि हरी सब्जी के बिना थाली अधूरी लगती है, इसलिए मजबूरी में ऊंचे दामों पर भी खरीदारी करनी पड़ रही है। बारिश की इस शुरुआत ने लोगों को ठंडक तो दी है, लेकिन रसोई का तापमान बढ़ा दिया है।

# कोटा में बंधक बनाकर शादीशुदा बहन से किया दुष्कर्म

## दादी की बीमारी का बहाना बनाकर ले गया था, आरोपी फरार

**गरोठ, 26 जून गुरु एक्सप्रेस। रिश्ते को कलंकित करने वाला एक मामला सामने आया है। दरअसल एक युवक अपनी शादीशुदा बहन को बहला फुसला कर कोटा ले गया। वहां एक होटल में बंधक बनाकर दुष्कर्म किया।**

थाना प्रभारी हरीश मालवीय के मुताबिक महिला की शादी गरोठ में हुई है। उसका भाई कैलाश प्रजापति बामनी गांव में रहता है। बीती 21 जून की रात कैलाश अपनी बहन के घर पहुंचा। उससे कहा- दादी की तबीयत खराब है, कोटा चलना है। कोटा पहुंचने के बाद आरोपी ने होटल में कमरा लिया। उसने बहन से कहा कि रात हो गई है, सुबह अस्पताल चलेंगे। लेकिन, रात में उसने बहन के साथ दुष्कर्म किया।

जब दोनों घर नहीं लौटे तो परिजनों ने थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई। 24 जून को महिला घर लौट आई, लेकिन भाई का कहीं पता नहीं चला। दो दिन बाद महिला ने अपनी देवरानी को पूरी घटना बताई। इसके बाद पीड़िता ने पति के साथ थाने में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने आरोपी कैलाश प्रजापति के खिलाफ दुष्कर्म का मामला दर्ज कर लिया है। आरोपी फरार है। महिला का एक बेटा और एक बेटी है। पति हलवाई का काम करता है। आरोपी भाई पीड़िता से छोटा है। उसकी उम्र 35 साल है। आरोपी, पीड़िता को भवानी मंडी राजस्थान से कृष्णा बस में बैठाकर फरार हो गया। उनकी दादी 95 वर्ष की है। इनकी तबीयत आए दिन खराब रहती है। वह इन दिनों कोटा में भर्ती हैं। इसी का बहाना बनाकर पीड़िता को अपने साथ ले गया था।

# गुप्त नवरात्रि प्रारंभ, देवी आराधना में डूबे भक्त

### इस बार तीन सर्वार्थ सिद्धि योग

**मंदसौर, 26 जून गुरु एक्सप्रेस।** आषाढ़ माह की शुरुआत के साथ ही गुरुवार से गुप्त नवरात्रि प्रारंभ हो गई। गुप्त नवरात्रि का समापन 04 जुलाई को होगा। इस बार गुप्त नवरात्रि पूरे नौ दिनों की रहेगी। नवरात्रि में कई शुभ योग रहेंगे, जिसमें की गई साधना का कई गुना फल मिलेगा।

ज्योतिषाचार्यों के मुताबिक गुप्त नवरात्रि में दश महाविद्याओं की साधना पाठ, तंत्र और मंत्र साधना के लिए सर्वश्रेष्ठ समय है। इस दौरान की गई साधना, प्रयोग विशिष्टफल देते है। इस दौरान किए जाने वाले पूजन अनुष्ठान को गुप्त रूप से घर में किया जाता है। जिससे विशिष्ट फल की प्राप्ति होती है। देवी मंदिरो में भी कई प्रकार के आयोजन व घट स्थापना होती है।

बता दे कि श्रीमद् देवी भागवत महापुराण के अनुसार वर्ष में कुल चार नवरात्र होते हैं। चैत्र और अश्विन मास के दो प्रकट नवरात्र, और आषाढ तथा माघ मास के दो गुप्त नवरात्र। गुप्त नवरात्रि विशेष रूप से तांत्रिक साधकों,



सन्यासियों और उन गृहस्थों के लिए महत्वपूर्ण मानी जाती है जो जीवन में चल रही अस्थिरता जैसे धन, संतान, भूमि विवाद आदि के कारण मानसिक अशांति से गुजर रहे होते हैं। इस वर्ष आषाढ शुक्ल प्रतिपदा से नवमी तक सभी तिथियां पूर्ण रहेंगी। किसी भी तिथि में क्षय नहीं है, जिससे यह नवरात्रि अत्यंत शुभ और प्रभावकारी मानी जा रही है। साधक अपने लक्ष्य के अनुसार नौ दिनों की साधना की योजना पहले से बना चुके है। जिससे मनोवांछित फल प्राप्त किया जा सके। इस बार की नवरात्रि में 03 सर्वार्थ सिद्धि योग बन रहे हैं, जो साधना को विशेष बल प्रदान करेंगे। शास्त्रों में वर्णित है कि विशिष्ट योगों में की गई साधना शीघ्र फलदायक होती है। साथ ही यह योग नए कार्यों के शुभारंभ, निवेश, स्टार्टअप, यात्रा और संबंधों में सुधार के लिए भी उपयुक्त माने गए हैं।

#### जल्द प्रसन्न होती है देवी...

ज्योतिषाचार्यो के अनुसार गुप्त नवरात्रि में पूजा का फल जल्दी और दोगुना मिलता है। इन दिनों में देवी मां जल्दी प्रसन्न होती हैं और भक्तों को मनवांछित फल देती हैं। इस नवरात्र में मां की पूजा में शामिल होने वाली सामग्री का भी एक विशेष महत्व माना जाता है। गुप्त नवरात्रि में विशेष पूजा में वैदिक ब्राह्मणों को आमंत्रित कर अपने घर में दश महा विद्याओं की साधना, नवचंडी, शतचंडी, सहस्त्रचंडी के अनुष्ठान, शिव शक्ति अनुष्ठान घर पर किए जाते है, जिससे जीवन में आई सारी परेशानियां, कष्ट मां भगवती दूर कर देती है और रुके हुए कार्य भी पूर्ण हो जाते है।

# घर में मिला अधेड़ का शव

## 45 लाख रुपए और मोबाइल गायब, पत्नी पर हत्या का आरोप

**नीमच, 26 जून गुरु एक्सप्रेस। जिले की सरवानियां महाराज चौकी क्षेत्र के गांव मोड़ी में एक व्यक्ति की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतक की पहचान 41 वर्षीय पिंटू उर्फ विश्वप्रताप सिंह के रूप में हुई है। एक दिन पहले शाम करीब 06 बजे पिंटू का शव उनके घर में मिला।**

मृतक के भतीजे भानुप्रताप सिंह ने बताया कि मंगलवार रात 12 बजे उन्होंने अपने चाचा को आखिरी बार देखा था। बुधवार सुबह पिंटू की पत्नी, बच्चे, ससुर और साली घर से चले गए थे। भतीजे के अनुसार मृतक के गुप्तांग और सिर पर चोट के निशान मिले हैं। पिंटू ने हाल ही में अपना खेत बेचा था और घर में 40-45 लाख रुपए रखे थे। मौत के बाद यह रकम और उनका मोबाइल फोन गायब पाया गया। परिवार का आरोप है कि पिंटू और उनकी पत्नी के बीच शादी के बाद से ही विवाद चल रहा था। रोज झगड़े होते थे। भतीजे ने पत्नी, ससुर और साली पर हत्या का आरोप लगाया है। वहीं, पत्नी और ससुर इसे आत्महत्या बता रहे हैं। पुलिस ने शव का पंचनामा बनाया और पोस्टमार्टम के लिए सिविल अस्पताल भेज दिया। गुरुवार दोपहर पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस ने मामले में फिलहाल मर्ग कायम कर प्रकरण जांच में लिया है।



### पशुपतिनाथ के भंडार से निकले 22 लाख

**श्री पशुपतिनाथ जी के भंडार 26 जून गुरुवार को खोले गए। पहले दिन 22 लाख रूपए से अधिक का दान निकला। गणना कार्य आज शुक्रवार को भी किया जाएगा। पहले दिन की गणना में 22 लाख 15 हजार 200 रु प्राप्त हुए।**

# बड़े अस्पताल की केंटीन में गहराया विवाद...

## नियमों के उल्लंघन पर स्पष्टीकरण के साथ एफआईआर की चेतावनी






**मंदसौर, 26 जून गुरु एक्सप्रेस।** बड़े अस्पताल मंदसौर में संचालित केंटीन को लेकर एक बार फिर विवाद गहरा गया है। अस्पताल परिसर में श्री सिद्धि विनायक रेस्टोरेंट द्वारा संचालित केंटीन के खिलाफ गंभीर अनियमितताओं की शिकायतों पर अब मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (सीएमएचओ) कार्यालय ने सख्त रुख अपनाया है। कार्यालय द्वारा जारी पत्र क्रमांक/शिकायत/5113/2025 दिनांक 05 जून 2025 के अनुसार, केंटीन संचालन में नियमों की अनदेखी पाई गई है और वर्तमान संचालक को जवाबदेह ठहराते हुए स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं।

जानकारी के अनुसार, पूर्व में 06 फरवरी 2025 को सीएमएचओ कार्यालय ने मौखिक निर्देश देते हुए संचालक को चेताया था कि वे टेंडर की शर्तों का पालन करें। इसके बावजूद, संचालन में अनियमितता निरंतर जारी रही। उल्लेखनीय है कि बड़े अस्पताल की केंटीन का टेंडर मूल रूप से स्काई बुल सिक्योरिटी को स्वीकृत हुआ था। लेकिन, नियमों के खिलाफ जाकर केंटीन का संचालन श्री सिद्धि विनायक रेस्टोरेंट को हस्तांतरित कर दिया गया, जो स्पष्टरूप से अनुबंध की शर्तों का उल्लंघन है।

जांच में सामने आया है कि वर्तमान संचालक न केवल अनुचित रूप से सांची पॉइंट के पास भोजनालय संचालन हेतु ठेले वालों को स्थान किराए पर दे रहे हैं, बल्कि वहां प्लास्टिक की टोकरी, मग आदि विक्रय भी किया जा रहा है। जो केंटीन संचालन की निर्धारित सीमा से बाहर है। यह व्यवस्था न सिर्फ अव्यवस्थित है, बल्कि अस्पताल परिसर की स्वच्छता और सुरक्षा व्यवस्था पर भी प्रश्नचिन्ह लगाती है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय द्वारा संचालक को 07 फरवरी को स्पष्टीकरण हेतु तलब किया गया था। लेकिन, 05 जून तक कोई जवाब नहीं दिया गया। इसे गंभीर लापरवाही मानते हुए, कार्यालय ने चेतावनी दी है कि यदि तत्काल जवाब प्रस्तुत नहीं किया गया, तो नियमों के अंतर्गत दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी, जिसमें एफआईआर दर्ज किया जाना भी शामिल है। उधर, वरिष्ठ कार्यालय ने सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक को निर्देशित किया है कि केंटीन से संबंधित समस्त दस्तावेज तत्काल अधोहस्ताक्षरकर्ता को प्रस्तुत किए जाएं। लेकिन, निर्देश के बावजूद अब तक कोई दस्तावेज सौंपे नहीं गए हैं। अधिकारियों ने इसे प्रशासनिक लापरवाही माना है और तत्काल दस्तावेज उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं।

इस पूरे घटनाक्रम ने सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक डॉ बीएल रावत की कार्यप्रणाली को लेकर भी गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। अस्पताल सूत्रों की मानें तो सिविल सर्जन इस विवाद से दूरी बनाए रखना चाहते है। क्योंकि, उन्हें जानकारी दी गई है कि ठेकेदार की सीधी पहुंच भोपाल स्थित संयुक्त संचालक स्तर तक है। यही कारण है कि वे अपने वरिष्ठ कार्यालय को दस्तावेज तक नहीं भेज रहे हैं।

#### सिविल सर्जन ने मूंद रखी है आंखे...

केंटिंन का संचालन बड़े अस्पताल के गेट नंबर 01 पर किया जा रहा है। जहां से कलेक्टर सहित अधिकांश वरिष्ठ अधिकारी, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, सिविल सर्जन प्रवेश करते हैं। इसके बावजूद इतनी गंभीर अनियमितता पर किसी की नजर क्यों नहीं पड़ी, यह बड़ा सवाल है। ऐसा प्रतीत होता है कि सिविल सर्जन कार्यालय ने इस दिशा में आंखें मूंद ली हैं।

#### टेंडर की आड़ में कारोबार, मोटी कमाई...

सूत्रों की मानें तो स्काई बुल सिक्योरिटी द्वारा टेंडर लेकर केंटीन को दूसरों को मोटी रकम महावार लेकर सौंपा गया है। जिससे शासन और प्रशासन की आंखों में धूल झोंकी जा रही है। ऐसी स्थिति में यह मांग उठ रही है कि कलेक्टर अदिति गर्ग इस मामले में हस्तक्षेप करते हुए स्काई बुल सिक्योरिटी को ब्लैक लिस्टेड करें और उन्हें संरक्षण देने वाले विभागीय बाबुओं पर भी कठोर कार्रवाई करें।

#### भविष्य के लिए सख्त कदम जरूरी...

विशेषज्ञों का मानना है कि यदि ऐसे मामलों में कठोर कदम नहीं उठाए गए, तो अस्पताल परिसर में अव्यवस्था और भ्रष्टाचार को बढ़ावा मिलेगा। यह न केवल जनस्वास्थ्य के लिए खतरनाक है, बल्कि प्रशासन की साख को भी नुकसान पहुंचाता है। अब सबकी निगाहें जिला कलेक्टर पर टिकी हैं कि वे इस गंभीर अनियमितता के विरुद्ध क्या कार्रवाई करते हैं और कैसे अस्पताल व्यवस्था में पारदर्शिता और अनुशासन सुनिश्चित करते हैं।

# कालिदास प्रसंग के आयोजन से नई पीढ़ी हमारी संस्कृति से अवगत होगी-उप मुख्यमंत्री

**कालिदास प्रसंग का खुशनुमा वातावरण में शुभारंभ**



**मंदसौर, 26 जून गुरु एक्सप्रेस।** मप्र शासन के संस्कृति परिषद कालिदास संस्कृत अकादमी उज्जैन के संयुक्त तत्वावधान में और जिला प्रशासन के सहयोग से दो दिवसीय कालिदास प्रसंग का शुभारंभ गरिमामय समारोह में प्रदेश के उपमुख्यमंत्री श्री जगदीश देवडा के मुख्य आतिथ्य और सांसद सुधीर गुप्ता की अध्यक्षता में हुआ। विशिष्ट अतिथि के रूप में विधायक विपिन जैन और विशेष अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती रमादेवी गुर्जर और जिला कलेक्टर अदिति गर्ग भी मंचासीन थे।

समारोह को संबोधित करते हुए उप मुख्यमंत्री श्री जगदीश देवडा ने कहा कि हमारे देश की गौरवशाली संस्कृति और परंपराओं से नई पीढ़ी को अवगत कराने हेतु कालिदास प्रसंग जैसे आयोजन बहुत ही सार्थक और उपयोगी होते हैं। हम मंदसौर वासियों के लिए यह गर्व की बात है कि कविकुलगुरू महाकवि कालिदास का संबंध मंदसौर से बहुत गहरे रूप में रहा है। इस शहर के प्राचीन गौरवपूर्ण इतिहास को महाकवि कालिदास के ग्रंथों सिद्ध किया है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए सांसद सुधीर गुप्ता ने कहा कि प्राचीन दशपुर के इतिहास के संदर्भ में जो प्रामाणिक तथ्य प्राप्त हुए हैं उससे यह सिद्ध होता है कि महाकवि कालिदास का जन्म मंदसौर में हुआ और उनके ग्रंथों में महाकाल की नगरी उज्जयनी के साथ ही पशुपतिनाथ की नगरी दशपुर यानी मंदसौर का भी उल्लेख मिलता है यह हम सबके लिए बहुत ही गौरवान्वित बात है। उन्होंने कालिदास संस्कृत अकादमी को सुझाव दिया कि मंदसौर नगर में महाकवि कालिदास के मेघदूत और अभिज्ञान शाकुंतलम ग्रंथों की प्रतिमा बनाकर स्थापित की जानी चाहिए जिनमें दशपुर का उल्लेख किया गया है ताकि नई पीढ़ी कालिदास को पढ़ सके। दशपुर की धरा बहुत ही प्राचीन गौरवपूर्ण इतिहास से भरी है और महाकवि कालिदास यहां के इतिहास के सबसे उज्जवल पृष्ठ के रूप में प्रतिष्ठापित हैं। सभी मंचासीन अतिथियों का कालिदास संस्कृत अकादमी उज्जैन की ओर से निदेशक डॉ. गोविंद गंधे और कार्यक्रम प्रभारी अनिल कुमार बारोड ने शाल और श्रीफल भेंट कर सम्मान किया। अतिथियों का स्वागत स्थानीय समिति के संयोजक ब्रजेश जोशी संरक्षक डॉ. घनश्याम बटवाल, समिति के प्रमुख नरेंद्र कुमार त्रिवेदी, कन्हैया देशमुख, नरेंद्र अग्रवाल वेद मिश्रा, गायत्री प्रसाद शर्मा, प्रदीप भाटी, लोकेश पालीवाल जयेश नागर बंसीलाल टॉक अजीजुल्लाह खान खालिद महाविद्यालय के प्रतियोगिता प्रभारी के. आर. सूर्यवंशी विद्यालय प्रतियोगिता प्रभारी श्रीमती अर्चना दवे और प्रतियोगिता संयोजक महेश कुमार त्रिवेदी आदि ने किया। अतिथियों ने विद्यालय और महाविद्यालयीन विद्यार्थियों की संस्कृत श्लोकपाठ और संभाषण प्रतियोगिता के दोनों वर्गों के प्रथम द्वितीय तृतीय विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र प्रदान किए। पुरस्कार राशि की प्रतियोगिता वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिक श्री नरेंद्र सिंह सिपानी ने की पुरस्कार वितरण के समय वे भी मंच पर उपस्थित हुए। कार्यक्रम का संचालन स्थानीय समिति के संयोजक ब्रजेश जोशी और पत्रकार लोकेश पालीवाल ने किया आभार वरिष्ठ पत्रकार डॉ. घनश्याम बटवाल ने माना। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में नगर के प्रबुद्धजन संगीत कला साहित्य से जुड़े महानुभाव विद्यार्थी शिक्षक गण एवं मीडिया के साथी उपस्थित थे।

**आज परिसंवाद संवाद एवं समापन समारोह होगा-** कालिदास प्रसंग के दूसरे दिन 27 जून शुक्रवार को प्रात: 11:00 बजे कुशाभाऊ ठाकरे ऑडिटोरियम कॉलेज परिसर में कालिदास साहित्य पर केंद्रित परिसंवाद का आयोजन होगा जिसमें भोपाल एवं सागर से आए विद्वानों के व्याख्यान होंगे अध्यक्षता नगर के प्रसिद्ध इतिहासकार डॉ. कैलाश चंद्र पांडे करेंगे। तत्पश्चात दोपहर 12:30 बजे समापन समारोह होगा जिसके मुख्य अतिथि पूर्व विधायक यशपाल सिंह सिसोदिया होंगे और अध्यक्षता कृषि वैज्ञानिक नरेंद्र सिंह सिपानी करेंगे। समापन समारोह में संस्कृत श्लोक पाठ और संभाषण प्रतियोगिता में सम्मिलित सभी प्रतिभागियों उनके प्रेरक शिक्षकों और सहयोगियों को प्रोत्साहन पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा नगर के साहित्य व कला से जुड़े महानुभावों से दूसरे दिन के इन आयोजनों में सम्मिलित होने का अनुरोध किया गया है।

## अंतर्राष्ट्रीय नशा निषेध दिवस पर संगोष्ठी सम्पन्न

**मंदसौर, 26 जून गुरु एक्सप्रेस।** अंतर्राष्ट्रीय नशा निषेध दिवस पर जागरण संस्था द्वारा विजन अकैडमी पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया।


इस अवसर पर प्रमुख वक्ता विशेष लोक अभियोजक केंद्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो मनीष दादूपंथी ने अपने उद्बोधन में कहा कि हर वर्ष 26 जून को अंतर्राष्ट्रीय नशा मुक्ति दिवस मनाया जाता है। यह दिन संपूर्ण मानव समाज को नशे के विरुद्ध जागरूक करने, युवाओं को नशे की गिरफ्त से बाहर लाने और एक स्वस्थ जीवन की ओर प्रेरित करने के उद्देश्य से समर्पित है। आज जब नशे की लत समाज की जड़ों को खोखला कर रही है, यह दिन हमें आत्मचिंतन और सामूहिक प्रयास का अवसर देता है। नशा एक धीमा जहर, नशा कोई शौक नहीं, एक धीमा और खतरनाक जहर है। शुरुआत में यह आकर्षक लगता है, तनाव को दूर करने का साधन या फैशन बन जाता है। परंतु धीरे-धीरे यह व्यक्ति की सोच, निर्णय लेने की क्षमता, संबंध और स्वास्थ्य को खोखला कर देता है। शराब, सिगरेट, गुटखा, अफीम, चरस, हेरोइन जैसे पदार्थ न केवल शरीर को बर्बाद करते हैं, बल्कि मानसिक संतुलन को भी बिगाड़ते हैं। दु:खद तथ्य यह है कि सबसे अधिक प्रभावित हमारा युवा वर्ग है। करियर की चिंता, प्रतिस्पर्धा का तनाव, पारिवारिक दबाव और कभी-कभी गलत संगति में आकर युवा वर्ग नशे की ओर बढ़ जाता है। एक युवा जब नशे की गिरफ्त में आता है, तो केवल उसका भविष्य ही नहीं, देश की संभावनाएं भी संकट में पड़ जाती हैं। नशे एवं तस्करी को रोकने के लिए भारत सरकार सहित राज्य सरकारों द्वारा कठोर कदम उठाए जा रहे हैं सीबीएन भी इस संबंध में अहम भूमिका निभा रही है। नशा मुक्ति कोई एक दिन का काम नहीं है। यह लंबी लड़ाई है, जिसमें जागरूकता, शिक्षा, सहानुभूति और दृढ़ निश्चय की आवश्यकता है। परिवार और विद्यालयों की भूमिका बच्चों के साथ संवाद, समझ और विश्वास का माहौल बनाया जाए।

नशा छोड़ना कठिन नहीं, अगर चाह हो मजबूत हजारों लोग ऐसे हैं जिन्होंने नशे से छुटकारा पाया और एक नया जीवन शुरू किया। यह उदाहरण हमें यह विश्वास दिलाते हैं कि नशा कोई लाचारी नहीं, बस एक गलत आदत है जिसे दृढ़ इच्छाशक्ति से बदला जा सकता है। आज आवश्यकता है कि हम सिर्फ नारे न दें, बल्कि नशा मुक्त समाज की दिशा में ठोस प्रयास करें। हर व्यक्ति यदि एक कदम आगे बढ़ाए, तो यह बुराई खुद-ब-खुद पीछे हट जाएगी। इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष देवेंद्र शर्मा द्वारा छात्रों एवं गणमान्य नागरिकों को जीवन में नशा न करने की शपथ दिलाई गई। आभार सुनील कांडारा ने व्यक्त किया। इस अवसर पर शैलेंद्र पिलोदिया, नरेंद्र गुप्ता, दिनेश नलवाया, संजय, सरिता देवी, दुर्गेश शर्मा, धर्मेंद्र, दुर्गेश चंदेल सहित छात्र एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। उपरोक्त जानकारी संस्था के प्रवक्ता ब्रजेश जाट ने दी।

## कांग्रेस नेता रमणीक पोखरना को पार्टी का ध्वज एवं सूत की माला अर्पित कर अंतिम बिदाई दी



**मंदसौर, 26 जून गुरु एक्सप्रेस।** जिला कांग्रेस कमेटी मन्दसौर के पूर्व महामंत्री कांग्रेस के वरिष्ठ नेता श्री रमणीक पोखरना के निधन पर शहर कांग्रेस कमेटी मन्दसौर की ओर से उनके निवास पर उनके पार्थिक देह पर पार्टी का ध्वज एवं सूत की माला अर्पित कर नम आंखों से उन्हें बिदाई दी गई। शहर कांग्रेस कमेटी मन्दसौर अध्यक्ष डॉ राघवेंद्रसिंह तोमर ने वरिष्ठ जनों के साथ अपने साथी सक्रिय नेता को अंतिम बिदाई दी। इस अवसर पर पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रकाश रातडिया, शहर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष डॉ राघवेंद्रसिंह तोमर, जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष अजय लोढ़ा, जिला कांग्रेस महामंत्री निर्मल बसेर, आदित्य पाटील, जिला कांग्रेस प्रवक्ता राज नारायण लाड़, जिला कांग्रेस सचिव संजय नाहर, खानपुरा मंडलम अध्यक्ष रमेश ब्रिजवानी, जनकुपुरा सेक्टर अध्यक्ष राजेश खींची सहित कांग्रेस जन मौजूद थे।



## मच्छर जनित बीमारियों से बचाव हेतु प्रशिक्षण कार्यशाला सम्पन्न

**मंदसौर, 26 जून गुरु एक्सप्रेस।** जिला मलेरिया अधिकारी द्वारा बताया गया कि, मलेरिया निरोधक माह जून अंतर्गत मच्छर जनित बीमारियों बचाव हेतु प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन विकासखण्ड धुंधड़का में किया गया। प्रशिक्षण जिला मलेरिया अधिकारी डॉ. दीपा पाठक द्वारा दिया गया जिसमें वर्षा के समय होने वाली बीमारियों के लक्षण, उपचार, रोगो से बचने हेतु सावधानियां, लार्वा विनष्टीकरण, रेगुलर फीवर सर्विलेंस लार्वा से मच्छर बनने की प्रोसेस सहित मलेरिया कार्य की विस्तृत समीक्षा की गयी। बारिश के समय अगर प्रत्येक 07 दिवस में पानी खाली किया जाए तो मच्छरों से बचाव हो सकता है साथ ही इस समय मच्छरदानी का उपयोग करें एवं दरवाजों व खिडकियों पर मच्छररोधी जाली लगवाऐं। उक्त कार्यशाला में धुंधड़का विकासखण्ड के खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ.अभिशेख जैन, समस्त सुपरवाइजर, समस्त ए.एन.एम, समस्त आशा सहयोगी सहित मलेरिया निरीक्षक मौजूद रहे।



## वरिष्ठपत्रकार अग्रवाल का सम्मान किया

**मंदसौर, 26 जून गुरु एक्सप्रेस।** पत्रकारिता के क्षेत्र में वरिष्ठ श्री महावीर प्रसाद अग्रवाल द्वारा जर्नलिज्म मास्टर डिग्री प्राप्त करने के उपलक्ष में भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता मानसिंह माच्छोपुरिया एवं मित्र मंडल द्वारा सम्मान किया गया। इस अवसर पर श्री अग्रवाल को सम्मान स्वरूप शॉल और श्रीफल प्रदान कर भगवान श्री राम का चित्र भेंट किया गया। इस मौके पर शिक्षाविद् रमेशचन्द्र चन्द्रे, भाजपा नेता सत्यनारायण पालीवाल, सुनील जैन महाबली, अंबालाल गहलोत, अंकित खींची, बीएस सिसोदिया, कार्तिक माच्छोपुरिया, मनीष नामदेव आदि मित्र मंडल उपस्थित रहे।

## गुजराती सेन समाज मंदसौर की कार्यकारिणी घोषित

**मंदसौर, 26 जून गुरु एक्सप्रेस।** गुजराती सेन समाज नगर मंदसौर के अध्यक्ष सेन शेखर राज चौहान ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया है कि गुजराती सेन समाज मंदसौर नगर की कार्यकारिणी गठित की गई है जिसमें उपाध्यक्ष विजय परिहार, सचिव बद्रीलाल गेहलोद, सह सचिव बृजेश टांकवाल, कोषाध्यक्ष अशोक परमार, संयोजक प्रहलाद परिहार, प्रवक्ता भवानी शंकर परिहार, संगठन मंत्री राजु गेहलोद, संरक्षण राजाराम चौहान, दिनेश सोलंकी, मदनलाल वप्ता, ओमप्रकाश चौहान, किशोर परमार (लाइनमैन), राजेश चौहान, रामचंद्र परिहार, राधेश्याम परमार, परामर्शदाता बाबुलाल सोलंकी, सागरमल बोराणा, लीलाधर गेहलोद, मुकेश चौहान (पिपली वाले), मुकेश चौहान (च्वाइस), राजेन्द्र गेहलोद, हरिश राठौर, राजेन्द्र तोमर, विजय खटोड़, सदस्यगण अमरचंद राठौर, सुखदेव परमार, भंवरलाल राठोर, पप्पू देवड़ा, प्रदीप खटोड़ एवं प्रमोद चौहान को नियुक्त किया। इससे नगर गुजराती सेन समाज में काफी हर्षोल्लास है।

## उप मुख्यमंत्री देवड़ा को सौंपा ज्ञापन

**नीमच, 26 जून गुरु एक्सप्रेस।** प्रदेश के उपमुख्यमंत्री एवं वित्त मंत्री माननीय श्री जगदीशजी देवडा के अपने एक दिवसीय प्रवास के दौरान आज स्थानीय लायंस डेन में विद्युत कर्मचारियों पेंशनरों एवं आउटसोर्स कर्मियों की ज्वलंत प्रमुख मांगो के त्वरित निराकरण को लेकर पश्चिम क्षेत्र बिजली कर्मचारी महासंघ नीमच का एक प्रतिनिधि मंडल माननीय उपमुख्यमंत्री श्री देवडा जी से रूबरू हुआ एवं ज्ञापन सौंपा

इस प्रतिनिधि मंडल का नेतृत्व बिजली कर्मचारी महासंघ नीमच के जिला कार्यकारी अध्यक्ष एवं म.प्र. विद्युत सेवानिवृत कर्मचारी संघ के जिला संयोजक राजेंद्रकुमार जैन, जिला कार्यकारी अध्यक्ष एवं विद्युत सेवानिवृत कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष शंभुप्रसाद शर्मा एवं क्षैत्रिय सचिव श्री राजमल व्यास ने किया।

**प्रमुख मांग-** राज्य पुनर्गठन आयोग 2000 की धारा 49/6 को लेकर प्रदेश के विद्युत पेंशनरों आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है उक्त धारा को तुरंत समाप्त किया जाए। 2 विद्युत कंपनी में नीमच व्रत मे कार्यरत आउटसोर्स कर्मियों को प्रत्येक माह समय पर वेतन भुगतान एवं संविदा नियुक्त किया जाए। श्रम कानूनों का पालन हो- सरकार की घोषणा अनुसार अक्टूबर से 24 से बड़ी हुई दरों से एरियर सहित प्रारिश्रमिक का भुगतान किया जाए । 3 अनुकम्पा में नियुक्त कर्मचारी की सीपीसीटी परीक्षा में शिथिलता प्रदान करना। 4 कंपनी में प्रथम नियुक्ति में प्रथम, द्वितीय, तृतीय, एवं चतुर्थ कर्मचारियों को 3 वर्ष की परिवीक्षा अवधि में मिलने वाले मानदेय राशि में 70,80,90 प्रतिशत को समाप्त कर इन्हें नियमित वेतनमान दिया जाए सहित 7 सूत्रीय मांग पत्र सौंपा। जिसे मंत्री महोदय द्वारा ध्यान पूर्वक पढा तथा सहानुभूति पूर्वक शासन स्तर पर शीघ्र उचित निराकरण की दिशा में कार्यवाही का आश्वासन दिया। इस अवसर पर भारतीय मजदूर संघ नीमच के जिला अध्यक्ष नितिन साहू, पूर्व अध्यक्ष मनीष नागदा, कोषाध्यक्ष राजेश पोरवाल महासंघ के सचिव प्रदीप कुमार शर्मा प्रताप सिंह परिहार, सौरभ सिंह चौहान सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

### अंतर्राष्ट्रीय नशा मुक्ति दिवस मनाया

**मंदसौर, 26 जून गुरु एक्सप्रेस।** शासकीय कन्या महाविद्यालय, मंदसौर के प्राचार्य डा.सुधीर रायजादा ने बताया कि अन्तर्राष्ट्रीय नशा मुक्ति दिवस के अवसर पर वरिष्ठ प्राध्यापक डा.उमा गगरानी ने बताया कि नशा मुक्ति अभियान का उद्देश्य समाज में बढ़ती हुई मद्यपान, तम्बाकू, गुटखा, सिगरेट की लत एवं नशीले मादक द्रव्यों, पदार्थों के दुष्परिणामों से समाज को अवगत कराना है, ताकि मादक द्रव्य एवं मादक पदार्थों के सेवन की रोकथाम के लिए उचित वातावरण एवं चेतना का निर्माण हो सके। इस अवसर पर प्राचार्य द्वारा महाविद्यालयीन स्टाफ एवं छात्राओं को नशा न करने एवं परिवार के सदस्यों एवं समाज के स्वजनों को इससे दूर रखने के प्रयास कर नशा मुक्त समाज के निर्माण की शपथ दिलाई।

## वध हेतु बैलों का परिवहन करने वाले आरोपी को 02 वर्ष की सजा



**नीमच, 26 जून गुरु एक्सप्रेस।** श्रीमान डॉ. श्रीमती रेखा मरकाम, अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, नीमच द्वारा वध हेतु बैलों का अवैध परिवहन करने वाले आरोपी इमरान पिता मुन्ना पठान, उम्र-28 वर्ष, स्कीम नम्बर 07, जिला-नीमच को धारा 6क/9 मध्यप्रदेश गौवंश प्रतिषेध अधिनियम, 2004 के अंतर्गत 02 वर्ष के कारावास व 5000 रूपये अर्थदण्ड एवं धारा 11घ पशु क्रुरता निवारण अधिनियम, 1960 के अंतर्गत 50 रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

प्रकरण में शासन की ओर से पैरवी करने वाले एडीपीओं श्री राजेन्द्र नायक द्वारा घटना की जानकारी देते हुए बताया कि घटना लगभग 9 वर्ष पूर्व की होकर दिनांक 16.05.2016 को दिन के लगभग 12 बजे शंभू व्यायाम शाला के पास, नीमच की हैं। पशु कल्याण क्षेत्र में कार्य करने वाले अधिवक्ता प्रवीण मित्तल को दुरभाष पर सूचना प्राप्त हुई कि शंभू व्यायाम शाला के पास से आरोपी इमरान एक पीकअप वाहन में बैलो को क्रुरतापूर्वक भरकर वध हेतु दाहोद (गुजरात) ले जाने वाला हैं। सूचना विश्वसनीय होने से उनके द्वारा इस संबंध में पुलिस थाना नीमच कैंट को सूचना की जानकारी दी गई, जिस पर से एसआई पन्नलाल दायमा मौके पर आये, जहाँ पर पीकअप वाहन खड़ा दिखाई दिया, जिसमें ड्राईवर सीट पर आरोपी इमरान पठान व क्लीनर की सीट पर आरोपी आरोपी आरीफ खां बैठा हुवा था। पीकअप वाहन की तलाशी लिये जाने पर उसमें 4 बैल ठूंस-ठूंस कर क्रुरतापूर्वक भरे हुवे थे। दोनो आरोपियों के पास बैलों को परिवहन का कोई वैध परमिट या वैध लाईसेंस नहीं होना पाया गया। जिस कारण दोनो आरोपीगण गिरफ्तार किया जाकर, बैलों व पीकअप वाहन को जप्त किया गया एवं आवश्यक अनुसंधान उपरांत अभियोग पत्र नीमच न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। प्रकरण में विचारण के दौरान आरोपी आरीफ खां के फरार हो जाने से आरोपी इमरान के संबंध में निर्णय पारित किया गया। विचारण के दौरान अभियोजन की ओर से न्यायालय में पंचसाक्षी एवं विवेचक सहित सभी महत्वपूर्ण गवाहों के बयान कराकर अपराध को संदेह से परे प्रमाणित कराते हुवे आरोपी को कठोर दण्ड से दण्डित किये जाने का निवेदन किया गया, जिस पर से माननीय न्यायालय द्वारा आरोपी को उपरोक्त दण्ड से दण्डित किया। प्रकरण में शासन की ओर से पैरवी श्री राजेन्द्र नायक, एडीपीओ द्वारा की गई।

## सीए ब्रांच ने आयोजित की साइकिल रैली

**मंदसौर, 26 जून गुरु एक्सप्रेस।** सायकल चलाने से हमारे शरीर के प्रत्येक अंग की कसरत हो जाती है। चिकित्सक भी घुटनों के दर्द से बचने के लिये नियमित रूप से साइकिल चलाने की सलाह देते हैं। हम चार्टर्ड अकाउंटेंट समय के अभाव में नियमित व्यायाम नहीं कर पाते हैं। यदि हम प्रात:काल के समय नियमित रूप से साइकिल चलाना प्रारंभ कर दें तो निश्चित रूप से हम अनेक व्याधियों से बच सकते हैं। उक्त विचार वरिष्ठ चार्टर्ड अकाउंटेंट सीए विरेन्द्र जैन ने मन्दसौर सीए ब्रांच द्वारा आयोजित साइकिल रैली को संबोधित करते हुए व्यक्त किये। मन्दसौर ब्रांच के अध्यक्ष सीए राजेश मंडवारिया ने सीए सप्ताह के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि 25 जून से प्रतिदिन ब्रांच द्वारा शैक्षणिक व सेवा गतिविधियां आयोजित की जा रही है। 25 जून से 1 जुलाई तक सीए सप्ताह के दौरान विद्यार्थियों को उद्योग भ्रमण, रक्तदान शिविर, सायकल रैली, वृक्षारोपण, एमएसएमई उद्योगों के लिये सहायता शिविर, बैडमिंटन, कैरम, क्रिकेट स्पर्धा का आयोजन सीए परिवार के लिये जुम्बा क्लास का आयोजन किये जा रहे हैं जिसमें सीए समुदाय के सभी सदस्यों, परिवारजनों व विद्यार्थियों का उत्साह पूर्ण सहयोग प्राप्त हो रहा है। साइकिल रैली में सीए विनय अग्रवाल, सीए नितेश भदादा, सीए अर्पित नागर, सीए सिद्धार्थ अग्रवाल, सीए अर्पित मेहता, सीए मयंक जैन, सीए योगेन्द्र जैन, सीए आयुष जैन, सीए रचित जैन, सीए गौरव गुप्ता, श्रीमती मनीषा मंडवारिया, श्रीमती निकिता भदादा, दिलीप जैन, स्वास्ति, खुशी, प्रेक्षा, नंदिनी, मोनिका, अक्षत, विवेक, रिशिका, महक, छवि आदि की सक्रिय उपस्थिति रही। कार्यक्रम का संयोजन सीए आशीष जैन ने किया। आभार प्रदर्शन सीए नितेश भदादा ने किया।

## मूंग एवं उड़द की खरीद को पीएसएस के अंतर्गत स्वीकृति मिलने से सशक्त होगी ग्रामीण अर्थव्यवस्था-मंत्री चौहान

**मंदसौर, 26 जून गुरु एक्सप्रेस।** प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की पहल पर प्रदेश के किसानों को बड़ी सौगात मिली है। किसान कल्याण को सर्वोच्च प्राथमिकता में रखते हुए केंद्र सरकार ने मध्यप्रदेश में मूंग एवं उड़द को मूल्य समर्थन योजना (पीएसएस) के अंतर्गत खरीदी के प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की गई है। अनुसूचित जाति कल्याण मंत्री श्री नागर सिंह चौहान ने इस किसान हितैषी निर्णय का स्वागत किया है। उन्होंने केन्द्रीय कृषि मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान का आभार भी व्यक्त किया। मंत्री श्री चौहान ने कहा कि यह निर्णय किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य दिलाने एवं ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। इस फैसले से ग्रामीण अंचल की अर्थव्यवस्था मजबूत होगी और अन्नदाता के परिश्रम को सम्मान भी प्राप्त होगा।



## पार्षद बंसल ने मांगों एवं समस्याओं का मांगपत्र मंत्री विजयवर्गीय को सौंपा

**मंदसौर, 26 जून गुरु एक्सप्रेस।** मंदसौर प्रवास पर आये नगरीय विकास एवं आवास संसदीय कार्य विभाग मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय को पार्षद सुनील बंसल ने मंदसौर नगर की विभिन्न मांगों एवं समस्याओं के संबंध में पत्र देकर उनका निराकरण करने की मांग की। इस दौरान पूर्व मंत्री श्री कैलाश चावला, भाजपा जिलाध्यक्ष श्री राजेश दीक्षित, वरिष्ठ भाजपा नेता मनोहरलाल जैन आदि भी उपस्थित थे।

श्री बंसल ने मंत्री श्री विजयवर्गीय को दिये मांग पत्र में कहा कि पूरे मध्यप्रदेश में नगरीय निकायों द्वारा नामांतरण शुल्क 1 प्रतिशत लिया जाता है लेकिन मंदसौर नगरपालिका परिषद द्वारा 2 प्रतिशत नामांतरण शुल्क लिया जा रहा है जिसे पूरे प्रदेश के समान 1 प्रतिशत किया जाये। साथ ही मंदसौर का मास्टर प्लॉन 2001 के बाद आज दिनांक तक लागू नहीं किया। सिर्फ मास्टर प्लॉट हेतु मीटिंगे ही आयोजित की गई लेकिन धरातल पर मीटिंग में हुए निर्णयों पर अमल नहीं किया गया। अत: मंदसौर नगर के नागरिकों के हित व नगर विकास को सम्मिलित करते हुए मास्टर प्लॉन बनाकर लागू करवाया जाये। श्री बंसल ने कहा कि मंदसौर नगरपालिका परिषद ए ग्रेड की नगरपालिका में मानी जाती है लेकिन यह राजस्व अधिकारी, स्वास्थ्य अधिकारी, फायर अधिकारी, दरोगा, इलेक्ट्रीशियन जैसे पदों पर अधिकारी नहीं है। टाइम कीपर की भी कमी है सभी कार्य प्रभारी के रूप में बैठे अधिकारी/कर्मचारी कर रहे है। जिससे नगरपालिका के अनेक कार्य अवरूद्ध हो रहे है। अत: जो भी पद रिक्त है उन पर नियुक्ति की जाये। श्री बंसल ने श्री विजयर्गीय का ध्यान आकृष्ट करते हुए बताया कि माननीय मुख्यमंत्रीजी ने मंदसौर नगर को पवित्र नगरी घोषित कर रखा है तथा नगर में शराब बिक्री पर प्रतिबंध लगा रखा है लेकिन सरेआम यहां पर मांस, मटन की दुकाने संचालित हो रही है तथा गली-गली में अवैध रूप से शराब विक्रय हो रही है। जिस पर सख्ती कर कार्यवाही करवाई जाये। श्री बंसल ने कहा कि मंदसौर में नगर एवं ग्राम सुधार न्यास का कार्यालय नहीं है। इसके लिये मंदसौर जिले के लोगों को नीमच जाना पड़ता है जिससे समय एवं अर्थ अधिक खर्च होता है तथा काम भी लम्बे समय बाद होते है। अत: या तो मंदसौर में नगर एवं ग्राम सुधार न्यास कार्यालय खोला जाय या नीमच कार्यालय के स्टॉफ को सप्ताह में 3 दिन मंदसौर भेजकर यहां के कार्य संचालित व संधारित किये जाये। श्री बंसल ने कहा कि उक्त मांगों व समस्याएं नगर हित की है जिससे विकास अवरूद्ध हो रहा है अत: इनका जल्द से जल्द निराकरण करवाया जावे।

## विधायक मारू ने किया अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय का भूमिपूजन

**मनासा, 26 जून गुरु एक्सप्रेस।** मनासा विधायक अनिरुद्ध माधव जी मारू ने संयुक्त अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय का भूमि पूजन किया। यह कार्यालय रु 12.58 करोड़ की लागत से बनेगा, जो क्षेत्र के प्रशासनिक कार्यों को सशक्त और सुचारू बनाएगा। यह कार्य जनकल्याण के लिए समर्पित भाजपा सरकार की विकासशील सोच का उत्कृष्ट उदाहरण है। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष श्रीमती वंदना खंडेलवाल जी, एसडीएम मनासा श्री पवन जी बारिया, भाजपा मंडल अध्यक्ष श्री विजय जी शर्मा, श्री कैलाश जी पुरोहित, श्री गोपाल जी गुर्जर, भाजपा पदाधिकारीगण, अन्य प्रशासनिक अधिकारी-कर्मचारी एवं अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



### रामघाट बैराज का निरीक्षण किया

**मंदसौर, 26 जून गुरु एक्सप्रेस।** नपाध्यक्ष श्रीमती रमादेवी बंशीलाल गुर्जर एवं जलकार्य समिति सभापति श्री निलेश जैन ने कल गुरुवार को रामघाट पहुंचकर यहां वर्षा को देखते हुए कडी शटर हटाने का जो कार्य किया जा रहा है उसका निरीक्षण किया, निरीक्षण के अवसर पर नगर पालिका सभापतिगण सत्यनारायण भाभी, रमेश ग्वाला जल कार्य समिति सदस्य कमलेश सिसोदिया एवं जल कार्य अमले के कर्मचारियों की उपस्थित थे।

## अधिकाधिक पंचायतों को बाल एवं महिला हितैषी पंचायत बनाने का प्रयास करें-चंद्रा

**बेटी बचाओं, बेटी पढ़ाओं योजना के तहत जिला स्तरीय टास्क फोर्स समिति की बैठक सम्पन्न**

**नीमच, 26 जून गुरु एक्सप्रेस।** लिंगानुपात में समानता के लिये कक्षा 9 से 12 तक की बालक, बालिकाओं को शिक्षा से जोड़ना अनिवार्य हैं। कोई भी बालिका शाला से ड्राप आउट न हो, प्रत्येक शाला में बालिकाओं के साथ-साथ बालकों के लिये भी जागरुकता सेमिनार आयोजित कर, उन्हे जागरुक कर, शिक्षा के साथ-साथ कौशल शिक्षा भी प्रदान करें। शालाओं में सेमिनार के लिए स्वप्रेरणा से विषय वक्ताओं का चयन करें तथा जिले की प्रत्येक शाला में जागरुकता कार्यक्रम करें। यह बात कलेक्टकर श्री हिमांशु चन्द्रा ने महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आयोजित जिला स्तरीय बेटी बचाओं, बेटी पढ़ाओं योजना के तहत टास्क फोर्स समिति, जिला बाल संरक्षण एवं बाल कल्याण समिति एवं वन स्टाप सेन्टर (सखी) की बैठक में कही।

बैठक में कलेक्टर श्री चंद्रा ने जिला स्तरीय बेटी बचाओं, बेटी पढ़ाओ योजना टास्क फोर्स समिति, जिला बाल संरक्षण एवं बाल कल्याण समिति एवं वन स्टाप सेन्टर (सखी) के सभी अधिकारियों एवं सदस्यों को निर्देशित किया, कि शाला त्यागी बालिकाओं को शाला में प्रवेश कराने, 18 वर्ष से अधिक उम्र की बालिकाओं को कौशल विकास केन्द्र में भर्ती कराने, ग्राम पंचायतों को बाल हितैषी एवं महिला हितैषी ग्राम पचायतें बनाने में सहयोग करने के सकारात्मक और सार्थक प्रयास करें। जिले में बाल हितैषी एवं महिला हितैषी ग्राम पंचायतों को 15 अगस्त को आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में सम्मानित किया जावेगा। जिला स्तरीय टास्क फोर्स समिति की बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री नवलसिंह सिसोदिया ने कहा, कि पुलिस विभाग का सहयोग महिला एवं बाल विकास विभाग, जिला बाल संरक्षण एवं बाल कल्याण समिति एवं वन स्टाप सेन्टर (सखी) का समय-समय पर प्रदान किया जाता है। पुलिस प्रशासन की जहां भी आवश्यकता होगी हर संभव सहयोग करेंगे। बैठक में बेटी बचाओं बेटी पढाओं योजना को सार्थक बनाने, शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग कृषि विभाग, श्रम विभाग, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बाल संरक्षण एवं बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष, जिला संयोजक आदिम जाति कल्याण विभाग, खेल एवं युवा कल्याण विभाग, स्वयंसेवी संस्थाओं ने भी सुझाव दिए। जिला स्तरीय टास्क फोर्स समिति की बैठक के प्रारम्भ में जिला कार्यक्रम अधिकारी सुश्री अंकिता पंडया ने बचाओं बेटी पढ़ाओ योजना, जिला बाल संरक्षण एवं बाल कल्याण समिति एवं वन स्टाप सेन्टर (सखी) दवारा आयोजित कार्यक्रमों, गतिविधियों की विस्तृत जानकारी दी। जिला समन्वयक यूनिसेफ श्री संदिप दिक्षित ने बाल हितैषी एवं महिला हितैषी ग्राम पचायतों के बारे में प्रकाश डाला। अत: में आभार अधीक्षक श्री सुभाष गवई ने व्यक्त किया।

## मंदसौर मंडी भाव

| उपज | आवक बोरी में | न्यूनतम | अधिकतम |
|---|---|---|---|
| मक्का | 64 | 2000 | 2291 |
| उडद | 13 | 4200 | 4800 |
| सोयाबीन | 6140 | 3500 | 4261 |
| गैहु | 5986 | 2250 | 2720 |
| चना | 314 | 4850 | 5668 |
| मसुर | 78 | 5900 | 6442 |
| धनिया | 101 | 4050 | 6800 |
| लहसुन | 13000 | 3110 | 10500 |
| मैथी | 566 | 3260 | 5141 |
| मुंगफली | 1229 | 3651 | 5001 |
| अलसी | 1500 | 65000 | 7320 |
| सरसो | 425 | 6099 | 6510 |
| तारामीरा | 0000 | 0000 | 0000 |
| इसबगोल | 42 | 7700 | 10050 |
| प्याज | 3000 | 267 | 1280 |
| कलोंजी | 10 | 14301 | 20613 |
| तुलसी बीज | 9 | 10400 | 13999 |
| डॉलर | 7 | 5701 | 7691 |
| तिल्ली | 234 | 7751 | 9199 |
| जौ | 10 | 2360 | 2360 |
| मटरसुखी | 8 | 2891 | 3801 |
| असालीया | 5 | 6290 | 6351 |
| चियाबीज | 37 | 11800 | 15400 |


उद्योग एवं रोज़गार वर्ष 2025
इन्वेस्ट मध्यप्रदेश
MPIDC MP INDUSTRIAL DEVELOPMENT CORPORATION LTD.
MSME
युवा मिशन
कौशल, विकास और उद्यमशीलता के स्वर्णिम पथ पर मध्यप्रदेश
नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री
डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री
रीजनल इंडस्ट्री, स्किल एंड एम्प्लॉयमेंट कॉन्क्लेव
RISE शुभारंभ
मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव
द्वारा
27 जून 2025 । प्रातः 11:00 बजे । पोलो ग्राउंड, रतलाम
प्रमुख आकर्षण
₹ 2012 करोड़ से अधिक लागत की 94 औद्योगिक इकाइयों और क्लस्टर्स का भूमिपूजन/लोकार्पण
288 एमएसएमई इकाइयों के लिए ₹ 270 करोड़ की प्रोत्साहन राशि का वितरण
140 वृहद औद्योगिक इकाइयों को ₹ 425 करोड़ की वित्तीय सहायता का वितरण
538 एमएसएमई इकाइयों को भू-खंड आवंटन पत्र वितरण
₹ 6000 करोड़ से अधिक निवेश करने व 17600 से अधिक रोज़गार देने वाली 35 वृहद औद्योगिक इकाइयों को भूमि आवंटन हेतु आशय पत्र वितरण
4 लाख से अधिक हितग्राहियों को स्व-रोज़गार के लिए ₹ 3861 करोड़ का ऋण वितरण
थीमैटिक सेशन
वन-टू-वन मीटिंग
एमओयू एक्सचेंज
प्रदर्शनी
फोकस सेक्टर
कृषि, खाद्य प्रसंस्करण एवं डेयरी
जेम्स एंड ज्वेलरी
नवीकरणीय ऊर्जा
फार्मा, बायोटेक, रसायन
लॉजिस्टिक्स
पर्यटन एवं टेक्सटाइल
आकल्पन : म.प्र. माध्यम/2025
D-11054/25
सीधा प्रसारण webcast.gov.in/mp/cmevents
@cmmadhyapradesh @jansampark.madhyapradesh
@Cmmadhypradesh @jansamparkMP
JansamparkMP

# शराब बंदी का राजस्व पर असर नहीं..!

## दुकानें घटी फिर भी 13 प्रतिशत बढ़ा राजस्व



| कहा कितना राजस्व बढ़ा | |
|---|---|
| जिला | राजस्व की बढ़ोतरी |
| मंदसौर | 13.19प्रश |
| नीमच | 20 प्रश |
| रतलाम | 21.22प्रश |

**मंदसौर/उज्जैन, 26 जून गुरु एक्सप्रेस।** मंदसौर, उज्जैन सहित कई जिलों के धार्मिक शहरो में शराब बंदी की गई। उज्जैन में इसका असर राजस्व पर पड़ा। हालांकि मंदसौर में 11 दुकानें बंद होने के बाद भी शराब से मिलने वाले राजस्व पर इसका कोई फर्क नहीं पड़ा। उल्टा राजस्व 13.19 प्रतिशत बढ़ा है। इसके अलावा उज्जैन के राजस्व में जरूर कमी आई है। वहीं संभाग के अन्य जिलों की बात करें तो वहां भी शराब से मिलने वाले राजस्व में बढ़ोतरी हुई है। यह जानकारी बुधवार को हुई आबकारी विभाग की संभागीय समीक्षा बैठक में सामने आई। अध्यक्षता संभागायुक्त संजय गुप्ता ने की थी।

### 51 फीसदी की बढ़ोतरी के साथ बिकी दुकानें...

मंदसौर जिले में वित्तीय वर्ष के पहले शराब की 96 दुकाने थी। जो शराब ठेकेदारों ने 168 करोड़ रुपए में ली थी। इस वित्तीय वर्ष में 11 दुकानें बंद कर दी गई है। क्योंकि, मंदसौर शहर पवित्र शहर घोषित कर दिया गया। जिसके बाद शहर की दुकानों से मिलने वाले राजस्व को आबकारी विभाग ने अन्य दुकानों पर समाहित कर दिया। जिसके चलते जिले की 86 दुकानें 252 करोड़ रुपए अर्थात 51 फीसदी की बढ़ोतरी के साथ शराब ठेकेदारों ने ली।

### मंदसौर के शराब प्रेमी अर्थ व्यवस्था का हिस्सा...

आंकड़े बयां कर रहे हैं कि मंदसौर जिले के शराब प्रेमी प्रदेश की अर्थ व्यवस्था को बनाए रखने में कितनी बढ़ी भागीदारी निभा रहे हैं। संभाग की बात करें तो देवास में सबसे ज्यादा 21 प्रश के करीब राजस्व में बढ़ोतरी हुई है। वहीं मंदसौर की बात करें तो शहर में बंद हुई 11 दुकानें 55 करोड़ रुपए की थी। जिसमें करीब 70 से 75 करोड़ रुपए की शराब बिकती थी। विभागीय अधिकारियों की माने तो प्रदेश में सबसे मंहगी दुकाने मंदसौर जिले की है। अब 11 दुकानें बंद होने के बाद भी राजस्व में 13 प्रश से अधिक बढ़ोतरी हुई है। संभाग में इस वित्तीय वर्ष में अब तक 10.53 प्रतिशत की समग्र राजस्व वृद्धि दर्ज की गई है। जब दुकानें बंद होने के बाद भी मंदसौर में यह आंकड़ा ज्यादा है। इसके अलावा अवैध शराब का कारोबार भी फल फूल रहा है।

### कच्ची शराब पर रोक लगाने के निर्देश...

बैठक में श्री गुप्ता ने आबकारी अधिकारियों को निर्देश दिए कि कच्ची शराब के निर्माण पर पूरी तरह से रोक लगाई जाए। उन्होंने कहा कि ऐसे मामलों में आबकारी एक्ट के तहत सख्त धाराएं लगाकर मुकदमे बनाए जाएं, ताकि आरोपी को सजा दिलाई जा सके। इसके लिए पब्लिक प्रॉसिक्यूटर की मदद लेने और अभियोजन संबंधी प्रशिक्षण आयोजित करने के निर्देश भी दिए। उपायुक्त आबकारी हर्षवर्धन राय ने बताया कि संभाग के सभी जिलों में राजस्व में वृद्धि हुई है, सिवाय उज्जैन जिले के, जहां नगर निगम क्षेत्र में शराबबंदी के चलते 5.50 प्रतिशत की गिरावट आई है।

### वेयरहाउस की निगरानी और पारदर्शिता पर जोर...

बैठक में संभागायुक्त ने वेयर हाउस स्टॉक की नियमित जांच के निर्देश दिए। बताया गया कि उज्जैन और जावरा में आबकारी वेयरहाउस संचालित हैं, जहां से सीधे कंपनियों से माल आपूर्ति की जाती है। डिमांड के अनुसार स्टॉक बनाए रखने की व्यवस्था भी है। राय ने कहा कि अब समूहों को भी पोर्टल के माध्यम से पारदर्शी प्रक्रिया में आवेदन करना होता है, और केवल मान्यता प्राप्त बैंकों की गारंटी ही स्वीकार की जाती है, जिससे वसूली सुनिश्चित हो सके।

### अवैध शराब पर सख्ती, सबूत भी रखे जाएं...

समीक्षा बैठक के दौरान संभागायुक्त गुप्ता ने उपस्थित अधिकारियों से कहा कि अवैध शराब की बिक्री और निर्माण पर पूरी तरह से निगरानी होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक कार्रवाई दस्तावेज और साक्ष्य के साथ होनी चाहिए, ताकि कोर्ट में मामला मजबूत बना रहे और अपराधी को सजा मिले। बैठक में समिति सदस्य निधि जैन, विजय जैन, बीएल दांगी, एनपी सिंह, मंदाकिनी दीक्षित सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

# रतलाम में रीजनल राइज कॉन्क्लेव आज

**मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव उद्योगपति और निवेशकों से वन टू वन करेंगे चर्चा, कॉन्क्लेव में भाग लेने के लिए 5000 से अधिक प्रतिभागियों ने करवाया रजिस्ट्रेशन, कई नामचीन उद्योगपति एवं औद्योगिक संस्थान रतलाम आएंगे**

**नीमच, 26 जून गुरु एक्सप्रेस।** मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव की उपस्थिति में 27 जून को आयोजित होने वाली रीजनल राइस कॉन्क्लेव की तैयारियां जोरों पर है। प्रदेश के सूक्ष्म लघु मध्यम उद्यम मंत्री श्री चैतन्य काश्यप रीजनल राइज कॉन्क्लेव के सफल आयोजन के लिए तैयारियो की स्वयं लगातार मॉनीटरिंग कर रहे हैं। कॉन्क्लेव के लिए इन्वेस्ट एमपी पोर्टल पर अब तक 5000 से अधिक प्रतिभागी अपना रजिस्ट्रेशन करवा चुके हैं, रजिस्ट्रेशन निरंतर जारी हैं।



रतलाम के औद्योगिक विकास को नया कैनवास देने वाली रीजनल राइज कांक्लेव में मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव स्वयं उपस्थित रहकर उद्योगपतियों तथा निवेशकों से वन टू वन चर्चा करेंगे उनके साथ बैठके आयोजित होगी। रीजनल कॉन्क्लेव में शामिल होने न्यू जील, श्रीजी, जैक्सन, ओरियाना पावर ,एकेटी टायर्स, तिरुपति बालाजी डरलम, बीबा, एलकेम, गोल्ड क्रेस्ट सीमेंट जैसी कई ख्यात कंपनीयो द्वारा सहमति दी गई है। एमपीआईडीसी के निदेशक श्री राजेश राठौड़ ने बताया कि कॉन्क्लेव में लगभग 1500 करोड रुपए के निवेश प्रस्ताव आएंगे। रीजनल राइज कॉन्क्लेव न केवल रतलाम के औद्योगिक विकास की नई तस्वीर पेश करेगी बल्कि रतलाम से लगे 1466 हैक्टेयर के निवेश क्षेत्र को नई उड़ान भी देने जा रही है। कॉन्क्लेव के जरिए दिल्ली मुंबई 8 लेन एक्सप्रेस-वे से लगे हुए रतलाम निवेश क्षेत्र का अब तेजी से औद्योगिकरण सुनिश्चित हो जाएगा। अभी रतलाम निवेश क्षेत्र में 600 करोड रुपए के निवेश के साथ फ्यूजी यामा जैसी प्रतिष्ठित सोलर उपकरण निर्माता कंपनी आ चुकी है जिसकी अधोसंरचना निर्माण जारी है। कंपनी को 25 हेक्टेयर भूखंड आवंटित कर दिया गया है। कॉन्क्लेव के पश्चात अन्य प्रतिष्ठित कंपनियों द्वारा भी निवेश क्षेत्र में औद्योगिक इकाईयां बड़ी संख्या में स्थापित की जाने वाली है जिनके जरिए हजारों युवाओं को रोजगार मिलेगा। पीथमपुर के बाद मध्य प्रदेश में रतलाम निवेश क्षेत्र दूसरा ऐसा औद्योगिक क्षेत्र होगा जो औद्योगिक विकास की अपनी अलग चमक बिखेरेगा। रतलाम निवेश क्षेत्र विकास में रतलाम की रीजनल राइज कांक्लेव और अधिक तीव्र गति देने का कार्य करेगी। रतलाम की रीजनल राइस कॉन्क्लेव कौशल विकास रोजगार सृजन के साथ औद्योगिक विकास पर केंद्रित होगी। इस दौरान करीब 500 से अधिक युवाओं को रोजगार के ऑफर लेटर प्रदान किए जाएंगे। कांक्लेव में प्रदेश के एक लाख से अधिक युवाओं को स्वरोजगार के लिए लगभग 1000 करोड रुपए के ऋण वितरित किए जाएंगे। प्रदेश के सूक्ष्म लघु मध्यम उद्यम मंत्री श्री चैतन्य काश्यप के निर्देशन में एमएसएमई विभाग द्वारा औद्योगिक तथा निवेश इकाइयों को 500 से ज्यादा भूखंड आवंटन प्रमाण पत्र कॉन्क्लेव के दौरान प्रदान करने की तैयारी की गई है। रीजनल कॉन्क्लेव में सूक्ष्म लघु मध्यम इकाइयों द्वारा अपने उत्पादों की प्रदर्शनी भी आयोजित की जाएगी।

# निजी विद्यालयों में नि:शुल्क प्रवेश के लिये द्वितीय चरण की आनलाइन लाटरी

**मंदसौर, 26 जून गुरु एक्सप्रेस।** शिक्षा का अधिकार अधिनियम के तहत आयोजित की गई द्वितीय चरण की ऑनलाइन लॉटरी में 9 हजार 190 बच्चों को उनकी पसंद के निजी विद्यालयों में नि:शुल्क प्रवेश प्राप्त हुआ है। संचालक राज्य शिक्षा केन्द्र श्री हरजिंदर सिंह ने बुधवार को भोपाल में आरटीई के तहत निजी विद्यालयों की प्रथम प्रवेशित कक्षा में वंचित समूह और कमजोर वर्ग के बच्चों के नि:शुल्क प्रवेश के लिये ऑनलाइन लॉटरी का बटन क्लिक किया।

इस लॉटरी प्रक्रिया में उन बच्चों को शामिल किया गया था, जिन्हें प्रथम चरण की लॉटरी में उनकी पंसद के स्कूल आवंटित नही हो सके थे। ऐसे बच्चों को निजी विद्यालयों की रिक्त सीटों अनुसार द्वितीय चरण की लॉटरी के लिये अपनी वरीयता अंकित करते हुए आवेदन करने का एक और अवसर प्रदान किया गया था। द्वितीय चरण की लॉटरी में बच्चों को उनकी चुनी गई वरीयता के आधार पर निजी विद्यालयों में सीट का आवंटन 25 जून को ऑनलाइन लॉटरी की स्वचालित कंप्यूटर प्रक्रिया द्वारा किया गया। इनमें से 5 हजार 128 बच्चे ऐसे हैं, जिन्हें उनके द्वारा चयनित प्रथम वरीयता वाले स्कूलों में प्रवेश मिला है। संचालक राज्य शिक्षा केन्द्र श्री हरजिंदर सिंह ने लॉटरी में चयनित बच्चों को उनकी पसंद का स्कूल आवंटित होने पर बधाई दी और उनके उज्ज़वल भविष्य की कामना की। उन्होंने पारदर्शी ऑनलाइन व्यवस्था निर्मित करने के लिए स्कूल शिक्षा विभाग और मध्यप्रदेश स्टेट इलेक्ट्रॉनिक्स डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन टीम की प्रशंसा भी की।

उल्लेखनीय है कि इस वर्ष आरटीई के तहत लॉटरी के लिए दस्तावेज सत्यापन के उपरांत एक लाख 66 हज़ार 751 बच्चे पात्र हुए थे, जिनमें से 83 हजार 483 बच्चों को प्रथम चरण की ऑनलाइन लॉटरी में उनके द्वारा चयनित स्कूलों का आवंटन किया जा चुका है। बुधवार को आयोजित हुई द्वितीय चरण की लॉटरी में 9 हजार 190 और बच्चों को उनकी पसंद के निजी विद्यालयों में प्रवेश आवंटन प्राप्त हुआ है। इस प्रकार इस वर्ष शैक्षणिक सत्र 2025-26 में आरटीई के तहत निजी विद्यालयों में नि:शुल्क प्रवेश आवंटन प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों की संख्या 92 हजार 673 हो गई है। जिन बच्चों को आज इस ऑनलाइन लॉटरी में स्कूल का आवंटन हो रहा है, उन्हें उनके पंजीकृत मोबाइल नंबर पर एसएमएस माध्यम से भी सूचना दी जा रही है। बच्चे उनके आवंटित स्कूलों में 30 जून तक जाकर प्रवेश ले सकेंगे। इन बच्चों की फीस राज्य सरकार द्वारा नियमानुसार सीधे स्कूल के खाते में ऑनलाइन ट्रांसफर की जाएगी। इस ऑनलाइन लॉटरी में विभिन्न प्रायवेट स्कूलों की नर्सरी कक्षा में 6 हजार 331, केजी-1 में एक हज़ार 895 और कक्षा पहली में 964 बच्चों को नि:शुल्क प्रवेश के लिये सीटों का आवंटन हुआ है। इस अवसर पर अपर संचालक राज्य शिक्षा केन्द्र श्री शीतांशु शुक्ला, नियंत्रक आरटीई श्री सचिन तिवारी, डॉ. आशीष भारती, श्री पंकज श्रीवास्तव और तकनीकी सहयोगी विभाग एमपीएसईडीसी के अधिकारी तथा अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

# स्वास्थ्य अधिकारियों और नागरिकों ने ली नशे से दूर रहने की शपथ



**मंदसौर, 26 जून गुरु एक्सप्रेस।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. गोविंद सिंह चौहान ने बताया कि, मंदसौर जिले में नशीली दवाओं के दुरुपयोग के खिलाफ एक व्यापक जागरूकता अभियान चलाया गया। इस पहल के तहत, 'जिंदगी को हां और नशे को ना कहें' का संकल्प लिया गया, जिसका उद्देश्य नशीली दवाओं के दुरुपयोग को रोकना और एक स्वस्थ जीवन शैली को बढ़ावा देना है।

डॉ. चौहान ने स्वयं नशे से दूर रहने और इसे रोकने में सहयोग करने के लिए खुद को प्रतिबद्ध किया। उन्होंने जिले के सभी स्वास्थ्य संस्था में कार्यरत अधिकारियों और कर्मचारियों को ई-शपथ लेने के लिए भी प्रोत्साहित किया। शासकीय नर्सिंग कॉलेज मंदसौर में प्राचार्य श्रीमती सीमा टेल ने नर्सिंग छात्रों और कर्मचारियों को शपथ दिलाई। ग्राम भालोट में आयोजित एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम में, डॉ. लेखा तंवर, नोडल अधिकारी, एनटीसीपी (राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम) ने उपस्थित लोगों को नशीली वस्तुओं, जैसे बीड़ी, सिगरेट, तंबाकू उत्पाद और अन्य सस्ती नशीली दवाओं के सेवन से दूर रहने की सलाह दी। उन्होंने जोर देकर कहा कि ये सभी वस्तुएं किसी न किसी रूप में मानव स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाती हैं। श्री ऋषि ईश्वर त्रिवेदी, मानसिक स्वास्थ्य परामर्शदाता ने जानकारी दी कि जो लोग नशीली वस्तुओं का सेवन करते हैं और उनके आदी हो चुके हैं, उनकी काउंसलिंग मनकक्ष, जिला चिकित्सालय मंदसौर में की जाती है। परामर्श के लिए उनसे संपर्क किया जा सकता है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य है कि, मंदसौर जिले को नशा मुक्त बनाने और स्वस्थ समाज के निर्माण में योगदान देना है। इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में डॉ. एम.एल. कश्यप (जिला मीडिया अधिकारी), सीएचओ, एएनएम, शिक्षक, छात्र, ग्रामीण नागरिक, आशा कार्यकर्ता और आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

# दादी मां की स्मृति में नन्ही पोतियों ने अपने घर के पीछे बगीचे में लगाया पौधा

**मंदसौर, 26 जून गुरु एक्सप्रेस।** डेक्सटर ग्लोबल स्कूल मन्दसौर द्वारा अपने स्कूल के सभी बच्चों को पौधे दिए गए। इसी प्रकार पर्यावरण के लिए कई वर्षों से निरंतर कार्य करने वाले दंपत्ति डॉ राघवेंद्रसिंह तोमर एवं बबीता सिंह तोमर की जुड़वां बेटियों आरुषि एवं अयांशी को भी पौधे दिए गए। स्कूल द्वारा दिए गए नीम और गुलमोहर के पौधों को बेटियों आरुषि एवं अयांशी द्वारा भागवत नगर मंदसौर के बगीचे में अपनी दादी मां कैलासवासी श्रीमती शान्ति देवी जी तोमर की स्मृति में लगाया गया। यह एक प्रेरणादायी कार्य है। सभी को अपने पूर्वजों की स्मृति में करना चाहिए। खास बात यह है कि यह पौधे उस स्थान पर लगाए गए जहां पर दादी मां द्वारा 25 वर्ष पूर्व नीम लगाया था जो उनके निधन के पूर्व सूखने से गिर गया था उसी जगह पोतियों ने नीम और गुलमोहर के पौधे लगाए है उनके संरक्षण की जिम्मेदारी भी ली गई है।



# अंतर्राष्ट्रीय नशा निवारण दिवस पर निकाली रैली



**मंदसौर, 26 जून गुरु एक्सप्रेस।** अंतर्राष्ट्रीय नशा निवारण दिवस पर सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा मंदसौर गांधी चौराहा पर नशा मुक्ति अभियान के तहत रैली का आयोजित किया गया कार्यक्रम की अध्यक्षता सामाजिक न्याय विभाग उपसंचालक डिप्टी कलेक्टर स्वाति तिवारी एडिशनल एसपी गौतम सोलंकी मैं हरी झंडी दिखाकर कार्यक्रम की शुरुआत की रैली में स्कूल छात्रों द्वारा तख्तियां हाथ लेकर और नारे लगाकर समाज को नशे से दूर रहने का संदेश दिया रैली बीपीएल चौराहा तक से होती हुई गांधी चौराहा पर समापन हुआ रैली के पश्चात नशा मुक्ति की शपथ, हस्ताक्षर महा अभियान का आयोजन किया गया कार्यक्रम का आयोजन प्रियदर्शन सामाजिक सेवा संस्था ने किया कार्यक्रम में सामाजिक न्याय कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग से प्रशांत जोशी जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अधिकारी अपर्णा लोधी लीगल एट काउंसलर सुनील बडोदिया, डोली मक्कड, पैरालेगल वालंटियर सीमा नागर सामाजिक संगठन से मध्य प्रदेश पुलिस पेंशनर संघ, गायत्री परिवार मंदसौर, नीडर युवा सेवा संस्था से शहजाद खान सामाजिक कार्यकर्ता राजाराम तंवर, अजीजुल्लाह खान, सुयश गर्ग, दुर्गेश चन्देल, मंगल देव , नरेंद्र रानावत एवं स्कूल के छात्र छात्राएं शिक्षक उपस्थित रहे कार्यक्रम का संचालन एमपी सिंह परिहार ने किया आभार प्रियदर्शन सामाजिक सेवा संस्था के अध्यक्ष दिनेश सोलंकी ने माना।



## एक किशोर बालश्रम से मुक्त

**नीमच, 26 जून गुरु एक्सप्रेस।** श्रम विभाग ने गुरूवार को बाल श्रम के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए पंडित पुरी भंडार से एक किशोर श्रमिक को भी मुक्त कराया गया है। यह कार्यवाही निरीक्षक, पुलिस विभाग के श्री सज्जन सिंह चौहान, शिवकरण, महिला बाल विकास विभाग तथा पुलिस विभाग के श्री राहुल सोलंकी द्वारा संयुक्त रूप से की गई।

# पत्नी की जघन्य हत्या के मामले में पति को मृत्युदंड

**उज्जैन, 26 जून गुरु एक्सप्रेस।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायालय के न्यायाधीश राजेश कुमार गुप्ता ने गुरूवार को पत्नी की हत्या के मामले में अहम फैसला देते हुए जघन्य हत्याकांड के आरोपी वाहिद लाला को मृत्यु दंड की सजा सुनाई है। आरोपी ने चरित्र शंका के मामले में अपनी ही पत्नी की गोली मारकर हत्या की थी। आरोपी पर पूर्व की दो और हत्या आरोप भी है।

प्रधान जिला एवं सत्र न्यायालय ने आरोपी को हत्या का दोषी मानते हुए मृत्यु दंड की सजा दी है। दरअसल घटना 25 मार्च 2024 की है। आरोपी वाहिद लाला ने चरित्र शंका के चलते अपनी पत्नी संजीदा बी को बाइक पर बैठाया और आदर्श नगर में ले गया। आदर्श नगर में गुड्डू के घर ले जाकर वाहिद ने संजीदा को तीन गोली मारी। मौके पर ही संजीदा की मौत हो गई। वाहिद पर पूर्व में भी दो हत्या के आरोप थे। इसलिए पुलिस ने इस अपराध को जघन्य मानते हुए चिन्हित अपराधों की श्रेणी में रखा और सबूत व गवाह तत्काल पेश कर 8 महीने की पैरवी के भीतर फैसला करवाया। मामले में एसपी प्रदीप शर्मा ने बताया कि पुलिस ने इस अपराध को फास्ट्रेक कोर्ट में चलवाया व अभियोजन पक्ष से सामंजस्य कर 8 महीने की पैरवी में आरोपी को न्यायालय ने मृत्युदंड की सजा सुनाई है। अभियोजन पक्ष के वकील मिश्रीलाल चौधरी ने बताया कि यह जघन्य अपराध था। सबूत और गवाह के आधार पर अभियोजन पक्ष आरोपी को दोषी साबित करने और मृत्युदंड सजा दिलवाने में सफल रहा। आरोपी ने चरित्र शंका के चलते अवैध पिस्तौल से अपनी पत्नी की हत्या की थी। जिला न्यायालय के प्रभारी उपसंचालक राजेंद्र खांडेकर ने बताया कि प्रकरण क्रमांक 20/24 में धारा 302 व आर्म्स एक्ट में जिला एवं सत्र न्यायाधीश राजेश कुमार गुप्ता ने आरोपी वाहिद लाला को दुर्दांत आरोपी मानते हुए मृत्युदंड की सजा सुनाई है।




# शिक्षा व्यक्ति के व्यक्तित्व को निखारती है-उप मुख्यमंत्री

## श्री देवड़ा ने 06 करोड़ से निर्मित शाउमावि भवन लसुड़िया राठौर का लोकार्पण किया





**मंदसौर, 26 जून गुरु एक्सप्रेस।** उप मुख्यमंत्री श्री जगदीश देवड़ा ने 6 करोड़ 75 लाख 22 हजार से नव निर्मित शासकीय उच्तर माध्यमिक विद्यालय भवन लसुड्रिया राठौर का लोकार्पण किया। लोकार्पण अवसर पर श्री राजेश दीक्षित, जनपद अध्यक्ष, जिला एवं जनपद पंचायत सदस्य, स्थानीय जनप्रतिनिधि, अधिकारी, कर्मचारी, स्कूली छात्र, छात्राएं, पत्रकार मौजूद थे।

उप मुख्यमंत्री श्री देवडा ने लोकार्पण के दौरान कहा कि नवीन शिक्षा के मंदिर के बन जाने से कई बच्चों का भविष्य संवरेगा। सरकार ने सर्वांगीण विकास किया है। सडकों का जाल बिछाया है। एक भी सड़क बाकी नहीं नहीं रहेगी। सभी सडकों का निर्माण होगा। शिक्षा जीवन के गुणात्मक विकास के लिए बहुत जरूरी है। यह व्यक्ति को ज्ञान, कौशल और आत्मविश्वास प्रदान करती है, जिससे वह जीवन में बेहतर निर्णय ले पाता है और समाज में सकारात्मक योगदान दे पाता है। शिक्षा व्यक्ति को आत्मनिर्भर बनाती है, बेहतर अवसर प्रदान करती है और सामाजिक विकास में मदद करती है। शिक्षा व्यक्ति को विभिन्न विषयों का ज्ञान प्रदान करती है और उसे विभिन्न कौशल सीखने में मदद करती है, जो उसे जीवन में सफल होने के लिए आवश्यक हैं। शिक्षा व्यक्ति के व्यक्तित्व को निखारती है, उसकी सोच को व्यापक बनाती है और उसे एक बेहतर इंसान बनने में मदद करती है। शिक्षा एक ऐसा उपकरण है जो न केवल व्यक्ति को व्यक्तिगत रूप से लाभान्वित करता है, बल्कि यह समाज और राष्ट्र के विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। शिक्षा के महत्व को सरकार ने समझा है। सरकार ने नई शिक्षा नीति बनाई, सीएम राइज स्कूल बनाए। बच्चों को माता-पिता एवं शिक्षक अच्छे संस्कार दे, अच्छी शिक्षा प्रदान करें। बच्चों को जैसा चाहो वैसा बनाया जा सकता है। स्कूल में शिक्षकों की जो कमी है, उसको पूर्ण पर करेंगे। इसके साथ ही स्कूल में जो भी कमियां है, उन सभी को पूर्ण किया जाएगा। साल भर में गांधी सागर का पानी एक-एक खेत तक पहुंचेगा।

स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक आशुतोष नवाल के लिए गुरु मीडिया एण्ड इंटरटेनमेन्ट कम्पनी, शक्ति नगर मन्दसौर से मुद्रित एवं 77 लक्ष्मीनगर, वेदान्त विहार मन्दसौर से प्रकाशित। (हर प्रकार के विवाद का न्याय क्षेत्र मन्दसौर रहेगा) संपादक– आशुतोष नवाल RNI-MPHIN2006/20356
समाचार पत्र में छपे विज्ञापनों के लिए समाचार पत्र उत्तरादायी नहीं है एवं विज्ञापनो में प्रकाशित विचार विज्ञापनदाता की निजी राय है। इससे समाचार पत्र का कोई संबंध नहीं है।
फोन 313880, मो. 9425105927,28 ashugurumds@gmail.com, ashu_guru2@yahoo.co.in